प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष / सचिव,
जगनाथ जी एजूकेशनल ट्रस्ट हाउस नं0 296,
हनुमान मंदिर सीकरी कला मोदीनगर, गाजियाबाद,
(संस्था– जगनाथ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मोहम्मदपुर,
खादिम, मोदीनगर, गाजियाबाद)

पत्रांकः–प्राशिप / परिषद / 2019 / 608 **लखनऊःदिनांक–** 24/04/19

विषयः– संस्थान को सम्बद्धता प्रदान किये जाने हेतु सहमति पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्रांक JCOP/2018/NOC/01 दिनांक 07–08–2018 को संदर्भित करने का कष्ट करें। उपरोक्त के कम में अवगत कराया जाना है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल सिविल अपील संख्या 9408/2012 में पारित आदेश दिनांक 13–12–2012 के अनुपालन में किसी शैक्षिक सत्र हेतु प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा सम्बद्धता प्रदान करने अथवा न करने की अंतिम तिथि उस वर्ष की माह मई की 15 तारीख है। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को सम्बद्धता प्रदान करता है, एवं इस हेतु अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली से प्रश्नगत संस्थान एवं पाठ्यक्रम के अनुमोदनोपरांत ही संस्थान की सम्बद्धता पर परिषद विचार करता है। इस संबंध में कतिपय औपचारिकताएं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अनुमोदन पत्र निर्गत होने के पूर्व परिषद द्वारा पूर्ण कर ली जाती हैं। ऐसा इसलिए आवश्यक होता है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय–सारणी के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद को अनुमोदन प्रदान करने हेतु अंतिम तिथि उस वर्ष की 30 अप्रैल निर्धारित की गयी है।

संस्था को सहमति पत्र इस शर्त के साथ प्रदान की जा रही है कि संस्था द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एवं फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त अनुमोदन पत्र दिनांक 30 अप्रैल 2019 तक प्रत्येक दशा में परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा। उपरोक्त अवधि तक यदि संस्था द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली एवं पी0सी0आई0, नई दिल्ली द्वारा सत्र 2019–20 हेतु प्रदत्त अनुमोदन पत्र परिषद कार्यालय में प्राप्त नहीं कराया गया तो ऐसी स्थिति में संस्था को परिषद से सम्बद्धता प्रदान करने पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्तानुसार निर्गत सहमति पत्र प्रतीकात्मक है, और उपरोक्तानुसार वर्णित शर्तों को पूर्ण किये जाने पर ही मान्य होगा।

भवदीय,

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / परिषद / 2019 / **तद्दिनांक–**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1- रजिस्ट्रार–कम–सेक्रेटरी, फार्मेसी काउन्सिल आफ इण्डिया, एन0बी0सी0सी0 सेण्टर, तृतीय तल, प्लाट नं0 2, कम्युनिटी सेण्टर, मां आनंदमइ मार्ग, ओखला, फेज–1, नई दिल्ली–110002

2- अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नेल्सन मण्डेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली– 110070

3- अनुसचिव, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

(संजीव कुमार सिंह)
सचिव